मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: info@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.kamdhenupaints.com
www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–18, अंक–10, जनवरी 2018

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## रंगों से रोशन, जश्न बादशाह की बेगम

बादशाह की बेगम इवेंट का हिस्सा बनने और डीलर्स का हौसला बढ़ाने के लिए कामधेनु ग्रुप के सीएमडी श्रीमती एवं श्री सतीश अग्रवाल जी, निदेशक श्री सुनील कुमार और श्रीमती एवं श्री सौरभ अग्रवाल जी ने बॉलीवुड स्टार इमरान हाशमी का आभार व्यक्त किया।







रंग, राग, जश्न और खुशी इन सभी का बेहतरीन संगम है, कामधेनु पेंट्स। कामधेनु पेंट्स के रंग हर किसी को किसी न किसी रूप में खुश होने का मौका देते हैं। ये सजावटी रंग जहाँ घर को सजाते हैं वहीं खुशियों को भी एक गुलदस्ते की तरह खूबसूरत बनाते हैं। जीवन में खुशियों के रंग को उभारने के साथ ही कामधेनु पेंट्स कंपनी से जुड़े हर व्यक्ति को नए ढंग से जश्न मनाने का मौका भी देती है। इस जश्न को कंपनी ने कभी देश की सीमाओं से परे और कभी देश में ही पूरे जोर–शोर से मनाया हैं। इसी कड़ी मे आगे बढ़ते हुए कंपनी ने इस बार निज़ामों की नगरी हैदराबाद के बेहतरीन रिजॉट लीयोनिया हिस्टोलिक में ''बादशाह की बेगम'' नाम से इवेंट आयोजित किया। 11 से 14 जनवरी तक आयोजित इस भव्य इवेंट में टारगेट के बादशाह की तरह ही बॉलीवुड के जाने–माने सितारों ने भी शिरकत की। यहाँ बॉलीवुड की शख्सियतों में इमरान हाशमी, संजीदा शेख, नीति मोहन और सुनील पाल सम्मिलित हुए।

''बादशाह की बेगम'' इवेंट कंपनी की उच्च प्रतिबद्धता का भी गवाह बना। कंपनी जिस तरह से अपने उत्पादों की गुणवत्ता को बनाए रखती है उसी तरह से अपने वादों को भी पूरा करती है। **कामधेनु ग्रुप के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल जी ने पिछले साल आयोजित टारगेट के बादशाह में किए अपने वादे को पूरा किया और बादशाह की बेगम में भाग लेने वाले 160 से अधिक डीलर्स की पत्नियों को डॉयमंड रिंग का तोहफा दिया। इस तोहफे को टेलीविज़न अदाकारा संजीदा शेख ने वितरित किया।** कॉमेडियन सुनील पाल ने यहाँ मौजूद लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और हंसी ठहाकों का तोहफा दिया।

4 दिनों तक चले बादशाह की बेगम इवेंट की गाला नाईट में प्लेबेक सिंगर नीति मोहन ने अपनी आवाज से दिलकश शमां बांधा और अपनी मनमोहक आवाज में बेहतरीन गाने पेश किए। डीलर्स को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित इस इवेंट में लकी ड्रॉ के माध्यम से 3 डॉयमंड नेकलेस, 3 गोल्ड चैन, 4 मोटर साइकिल और 7 मोबाईल फोन इमरान हाशमी द्वारा लकी डीलर्स को दिया गया। साथ ही प्रिंस डान्स ट्रूप और बेड सालसा ग्रुप द्वारा कभी न भूल पाने वाले डान्स का परफारमेंस दिया।

शेष पृष्ठ 3 पर

नेशनल मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव जी ने सुनील पाल और संजीदा शेख का स्वागत किया



## लकी ड्रॉ जीतने वाले भाग्यशाली डीलर्स

### डॉयमंड नेकलेस जीतने वाले डीलर्स



मेसर्स न्यू जगमग पेंट्स एंड सेनेटरी (बिहार),मेसर्स रिज़वान पेंट्स एंड रोप स्टोर (बहराइच), मेसर्स रंजीत हार्डवेयर (बिहार)



इस जगमगाते जश्न में खूबसूरत अदाकारा संजीदा शेख ने डीलर्स को डॉयमंड रिंग वितरित किया

### सोने की चैन जीतने वाले डीलर्स



मेसर्स प्रधान जी पेंट, जेवर (ग़ाज़ियाबाद), मेसर्स माँ लक्ष्मी स्टोर (बिहार), मेसर्स बाबा हार्डवेयर (केंद्रपाड़ा, उड़िसा)

### मोटर साइकिल जीतने वाले डीलर्स



मेसर्स दीप पेंट स्टोर (कुंदेश्वरी, हल्दवानी) 'रॉयल एनफिल्ड 350', मेसर्स अग्रवाल सीमेंट एंड आयरन स्टोर (औरंगाबाद, ग़ाज़ियाबाद), मेसर्स कलर वर्ल्ड (बसखारी)

### मोबाइल फोन जीतने वाले डीलर्स



मेसर्स अग्रवाल पेंट्स एंड प्लायवुड (खुर्जा, ग़ाज़ियाबाद डिपो), श्री गगन, मेसर्स गुप्ता पेंट्स, श्री संदीप, मेसर्स हिमानी ट्रेडर्स (पटना डिपो), मेसर्स नंदा बिल्डर्स (जम्मू), मेसर्स सलूजा पेंट एंड प्लाई (रायपुर)



नीति मोहन ने अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा।

## टॉप परफार्मर अवार्ड

मेसर्स अधिनेक्स इंटरप्राइजेस (लुधियाना), मेसर्स अग्रवाल सीमेंट एंड आयरन स्टोर (ग़ाज़ियाबाद), मेसर्स अनिल छाबड़ा (हनुमानगढ़), मेसर्स बाबा हाडवेयर एंड पेंट्स (केंद्रपाड़ा, उड़िसा), मेसर्स बंसल कलर प्रा. लि. (नई दिल्ली), मेसर्स बर्तवाल ट्रेडर्स (देहरादून), मेसर्स चौधरी हार्डवेयर (नवलगढ़), मेसर्स चिरंजी लाल (कालका), मेसर्स चुन्नी लाल देवराज (हल्द्वानी), मेसर्स दलिम हार्डवेयर (कोलकाता), मेसर्स धनिप्रेम बिल्डर्स (हल्द्वानी), मेसर्स गोयल पेंट (लक्ष्मी नगर, दिल्ली), मेसर्स जय दुर्गा ट्रेडर्स (आरएस पुरा, जम्मू डिपो), मेसर्स माँ लक्ष्मी स्टोर (बिहार), मेसर्स मुनीम जी पेंट्स (ग़ाज़ियाबाद), मेसर्स नंदा बिल्डर्स (जम्मू), मेसर्स नटराज बिल्डिंग मटेरियल (रतनगढ़), मेसर्स न्यू जगमग पेंट्स एंड सेनेटरी (बिहार), मेसर्स पूजा हार्डवेयर (बड़ा द्वार, रायपुर डिपो), मेसर्स पंजाब हार्डवेयर पेंट स्टोर (राय बरेली), मेसर्स रोशन लाइम स्टोर (वाराणसी), मेसर्स एस.के. ट्रेडिंग (देहरादून), मेसर्स सलूजा पेंट एंड प्लाई (रायपुर), मेसर्स सुमित सेल्स (जसपुर, उत्तराखंड), मेसर्स यूनिक इंटरप्राइजेस (सुल्तानपुर), मेसर्स उप्पल हार्डवेयर स्टोर (परवानू डिपो), मेसर्स विहान ट्रेडर्स, मेसर्स वृंदावन मार्केटिंग (हिसार)



पृष्ठ 1 का शेष

इस पूरे कार्यक्रम में डीलर्स ने मौज–मस्ती की और हैदराबाद के कई दर्शनीय स्थलों की सैर की। डीलर्स को रामोजी फिल्म सिटी घुमने का मौका मिला साथ ही फिल्म बाहुबली के सेट को देखने का भी मौका मिला। कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल जी ने इस इवेंट की गाला नाईट मे कहा, ''हम आप सभी डीलर्स से मिल रहे सहयोग से काफी उत्साहित है। आपके सहयोग से ही हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं और नये–नये उत्पादों को पेश कर रहे हैं। आज हम देश के शीर्ष पेंट्स कंपनी में शुमार हैं। यह सब आपके जोश से ही संभव हो रहा है और हम आशा करते है कि हमारी साझेदारी इसी तरह आगे बढ़ती रहेगी। हम ऐसे ही विकास के नये पायदान छुते रहेंगे।''

कामधेनु लिमिटेड के नेशनल मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव जी ने कहा, ''आप जिस उत्साह के साथ कंपनी के बिजनेस प्लान में अपना योगदान दे रहे हैं उससे लग रहा है हम सही नीतियों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इससे हमें भी हौसला मिल रहा है कि हम आपके लिए बादशाह की बेगम जैसे बेहतरीन अवार्ड का आयोजन करते रहे और आपके प्रयासों को सराहते रहे।''

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Publication Date: 26.01.2018



# इजराइली प्रधानमंत्री का भारत दौरा



भारत और इजराइल लगातार नई ऊर्जा के साथ अपने सदियों पुराने रिश्ते को आगे बढ़ा रहे है। इसका हालियां उदाहरण है इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का भारत दौरा। इजराइली प्रधानमंत्री के आने पर प्रधानमंत्री ने प्रोटोकॉल तोड़ कर उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव किया। प्रधानमंत्री नेतन्याहू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय वार्ता हुई। इसके बाद दोनों ही प्रधानमंत्रीयों ने साझा प्रेस कॉफ्रेंस कर ऐसे 9 समझौतों को सामने रखा जिस पर सहमती बनी है। इसमें रक्षा, साइबर सुरक्षा, होम्योपैथी, फिल्म निर्माण, स्टार्ट अप इंडिया, शिक्षा, आतंकवाद, जल सरंक्षण, कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर करार हुए। इजराइली प्रधानमंत्री की यात्रा को ऐतिहासिक बनाते हुए तीन मूर्ति चौक का नामकरण तीन मूर्ति हाइफा चौक के रूप में किया गया। यह दोनों देशों की साझा ऐतिहासिक विरासत का उदाहरण है। इसके बाद इजराइली प्रधानंत्री ने ताजमहल की यात्रा की। भारत के स्वागत से प्रभावित नेतन्याहू ने भारतीय प्रधानमंत्री के विजन और भारतीय लोगों की जमकर तारीफ की और कहा, ''विश्व के दूसरे देशों में यहूदी समुदाय को जैसे अलग–थलग किया गया, भारत में ऐसा कभी नहीं हुआ।'' अपनी यात्रा का उन्होंने एतिहासिक भी बताया। रणनीतिक तौर पर भी नेतन्याहू का यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण रहा आतंकवाद जैसे मुद्दे पर भारत का पूरा सहयोग देने की बात की।

# वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में मोदी विजन




स्विटजरलैंड के दावोस में 23 जनवनरी को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के 48वें सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन भाषण दिया। अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने भारत को एक ऐसे समृद्ध देश के रूप में पेश किया जहाँ बिजनेस की अपार संभावनाएं हैं। यहाँ मोदी ने अपने दूरदर्शी नज़रिए और एक मजबूत लोकतंत्र के मजबूत नेता की तरह जोरदार भाषण दिया। मोदी ने पहले देश की बढ़ती हुई इकोनॉमी को दुनिया के सामने तुलनात्मक तौर पर रखा। विश्व के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सभी का ध्यान आकर्षित किया। जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद की समस्या को तार्किक ढंग से प्रस्तुत किया। और देशों को इस पर आत्मकेंद्रीत होने से आगाह किया। आतंकवाद को कुछ देश अपने फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं जो विश्व के लिए खतरनाक साबित होते जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने डेटा की सुरक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के समय में डेटा बहुत बड़ी संपत्ति है। डेटा दिन पे दिन बढ़ते जा रहा है। जिसके नियंत्रण पर सभी प्रयास कर रहे हैं और एक होड़ सी लग गई है। जो इस पर अपना नियंत्रण रखेगा वही बड़ी शक्ति के तौर पर पहचाना जाएगा। तेजी से बदलती तकनीक और विनाशकारी कार्यों से इसकी सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतिया मिल रही है।

भारत और भारतीयता का प्रतिनिधित्व करने के नाते उन्होंने कहा कि शांति हमारा मुख्य ध्येय रहा है। हम तोड़ने पर नहीं जोड़ने पर विश्वास रखते है। मानवता को आगे रखते हुए हम दरारों और दूरियों को मिटाकर सामंजस्य के साथ आगे बढ़ना है। हम भारतीयों ने दुनिया को एक परिवार माना है।

प्रधानमंत्री ने यहाँ कहा, '' अगर आप वेल्थ के साथ वेलनेस चाहते है तो भारत आइए। अगर आप हेल्थ के साथ जीवन की होलनेस चाहते है तो भारत में आए। अगर आप प्रोस्पेरिटी के साथ पीस चाहते है तो भारत में आइए। आप भारत में आए भारत में आपका हमेशा स्वागत होगा।

बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

**श्री अजीत कुमार साहू**
**मेसर्स बाबा हॉर्डवेयर एण्ड पैंट्स,**
तिनीमुहानी छक,
केंद्रापाड़ा–754211
ओड़ीशा
मो. 9437316746

**श्री अक्षय कुमार**
**मेसर्स भगबती आयरन स्टोर**
**र्दुगा बाज़ार, पो. दस्पल्ला**
नायागडा–752084
ओड़ीशा
मो. 9439492009

**श्री संजय कुमार साहू**
**मेसर्स साहू हॉर्डवेयर (अंगुल)**
डेरा थलचर, डेरा सिनेमा
के पास–759122
ओड़ीशा
मो. 9438755800

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com